Title: Need to look into the problems of opium growers particularly in Barabanki district in Uttar Pradesh.

श्री रामसागर रावत (बाराबंकी) : हमारे देश के अंदर राजस्थान, मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश में वित्त विभाग की अनुमति से एक लम्बे जमाने से लाइसेंस देकर अफीम की खेती किसानों से कराई जाती है जिसमें किसानों को सरकार से निर्धारित मानक पर अफीम जमा करना होता है। यह खेती इतनी नाजुक होती है कि थोड़े से तापमान के चढ़ाव-उतार, हवा, तूफान, ओला और अतिवृष्टि से बहुत जल्दी प्रभावित हो जाती है और किसानों की लागत का व उपज का विनाश हो जाता है।

अतः सरकार को चाहिए कि फसल की उपज और पैदावार का समय-समय पर आंकलन करके किसानों को छूट राहत व मुआवजा प्रदान करे। साथी साथ हमारे क्षेत्र जनपद बाराबंकी (उत्तर प्रदेश) के क्रय केन्द्र सफदरगंज में अफीम कृषकों की अफीम की सही परख न हो पाने तथा ग्राम अमसेरूवा, टिकारियां समेत दर्जनों गांव के किसानों केसाथ परख में मनमानी और उन्हें अपमानित करने की शिकायतें हैं।

मेरी सरकार से मांग है कि इन गांवों की जमा अफीम को फिर से परख कराके किसानों को आवश्यक राहत व उनके लाइसेंस सुरक्षित करें।